एक नजर में

चयनित छात्रों को मिलेगा ए सर्टिफिकेट का लाभ

सीतामऊ। 5 म.प्र. बटालियन एनसीसी मंदसौर के कमान अधिकारी कर्नल ज्योति प्रकाश के निर्देशन में श्रीराम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीतामऊ (ट्रुप क्रमांक 187) में एनसीसी छात्र सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर 5 म.प्र. बटालियन के सूबेदार जयराम बड़क, हवलदार रघुते प्रवीण एवं लष्ट्ढ खुशी सिसौदिया की देखरेख में कक्षा 9वीं के लगभग 70 छात्रों का शारीरिक परीक्षण किया गया। परीक्षण में दौड़ एवं फिटनेस परीक्षण शामिल था। शारीरिक परीक्षण के उपरांत छात्रों की लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई। परीक्षण में सफल रहे छात्रों को एनसीसी के प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रदान किया गया। ये छात्र आगामी दो वर्षों तक एनसीसी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिसके पश्चात 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित की जाएगी। सफल छात्रों को मिलने वाला यह प्रमाणपत्र भविष्य में शासकीय सेवाओं में लाभकारी सिद्ध होगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजीव त्रिपाठी एवं एनसीसी अधिकारी शैलेन्द्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आज देव डूंगरी माता की भव्य महाआरती व पौधरोपण

मंदसौर। आज देव डूंगरी माता मंदिर, पर हरियाली अमावस्या के पावन पर्व 23 जनवरी गुरुवार को प्रात: 10.30 बजे माता रानी की भव्य महाआरती होगी। मालपुए का भोग लगेगा। जय अम्बे, देवडूंगरी माताराणी भक्त मंण्डल अध्यक्ष बंशी राठौर, राधेश्याम मारू, जगदीश बैरागी, नरेन्द्र मालवीय ने बताया की रेवास देवड़ा रोड़, स्थित मंदिर परिक्षेत्र मे प्रात: 11.00 बजे एनजीओ के आह्वान पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान तहत वह्द पौधारोपण भी किया जाऐगा, जिसमे शहर की कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल होगे। भक्त मंण्डल ने बताया की यह मंदिर चमत्कारी एक प्रसिद्ध मंदिर है, मंदिर तक पहुंचने के लिए 151 सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती हैं। यह मंदिर मंदसौर शहर नेहरू बस स्टैंड से से लगभग 9 किलोमीटर दूर है। यह मंदिर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। देव डूंगरी माता मंदिर, मंदसौर में स्थित एक लोकप्रिय मंदिर है। यहां पुरे सावन मास प्रति रविवार को सामाजिक संगठनों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है।

जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

मंदसौर। केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज दिनांक 23 जुलाई,2025 को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, मंदसौर में जल संरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता रहे युवराज माली, हर्षनाथ, युवराज सिंह को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय सिंह पुरावत ने जल संरक्षण पर विचार रखते हुए छात्रों से जल को सहेजने की बात की। सीबीसी के प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि पीने योग्य पानी सीमित मात्रा में है। पानी के संरक्षण के महत्व को समझने की बात पर जोर दिया। इस दौरान व्याख्याता राम नारायण परिहार, हेमन्त साहू एवं छात्र उपस्थित रहे।

बिहार विधानसभा चुनाव : महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला गुप्ता रवाना

मंदसौर। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के निर्देशानुसार आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में मंदसौर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष निर्मला गुप्ता को बिहार राज्य के जिला वैशाली की विधानसभा राधौपुर में महिला मोर्चा की ओर से संगठनात्मक कार्य हेतु विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया गया है।

यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा महिला मोर्चा मंदसौर जिला की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए निर्मला गुप्ता को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। बधाई देने वालों में जिला महामंत्री रेखा मन्दलिया, उपाध्यक्ष सुनीता गुजरिया, सीमा धनोतिया, संध्या शर्मा, बिंदु चन्द्रे, सुशीला राठौर, रानू भावसार, कोषाध्यक्ष कविता यादव, मंत्री अनोख पाटीदार, सरिता सेठिया, सुमित्रा बैरागी, रंजना पंडा, अनिता कोठारी, कार्यालय मंत्री मीना, निर्मला गर्ग, रक्षा जैन, मीडिया प्रभारी दुर्गा सिसोदिया, विद्या कड़ौतिया, अंजली दीवान, देवड़ा उमा सेनी, मंडल अध्यक्ष रवीना शर्मा, अंजू वाधवा, मीना पंजाबी, शिल्पा धनोतिया, हेमलता गौड़, हेमलता रत्नावत, दीपा हरवानी, साधना मेहता, कुसुम नागर, हंसा सोनी, रिंकू गौतम, पपीता पाटीदार, किरण मंडोवरा, भावना पमनानी, गंगा बैरागी, कांता ग्वाला, भुवनेश्वरी सेठिया, माधुरी पटेल, अंजू धाकड़, प्रीति खीचावत, साधना पाटीदार, तुलसा खत्री सहित महिला मोर्चा की समस्त मंडल अध्यक्ष, कार्यसमिति सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दीं।

निर्मला गुप्ता का बिहार रवाना होने का कार्यक्रम 23 जुलाई की शाम 6:00 बजे मंदसौर रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा निर्धारित था। इस अवसर पर महिला मोर्चा की अनेक बहनें स्टेशन पर उपस्थित होकर पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मंगलकामनाएं देकर उन्हें विदाई दी।

कलेक्टर का मल्हारगढ़ निरीक्षण : स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व बाढ़ प्रबंधन पर निर्देश

मंदसौर। कलेक्टर अदिति गर्ग ने मल्हारगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की स्थिति की जानकारी लेकर अतिरिक्त बेड लगाने, साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर करने और कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर तत्काल भर्ती के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को प्रसव से 7 दिन पूर्व अस्पताल में भर्ती करने के निर्देश देते हुए आशा वर्कर्स के माध्यम से माइक्रो प्लान तैयार करने को कहा। साथ ही रेफरल मरीजों का नियमित फॉलोअप रखने और पूर्व में इलाज करा चुकी महिलाओं को रोल मॉडल बनाकर उनके अनुभव साझा कराने के निर्देश भी दिए। रेतन बैराज एवं काका गाडगिल डेम के गेट खोलने से पहले प्रोटोकॉल का पालन करने और संबंधित गांवों में मुनादी कराने के निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए। तहसील कार्यालय स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर कर्मचारियों से संवाद किया एवं बाढ़ राहत जानकारी देने को कहा।

कृषि विभाग को खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसील कार्यालय में रिकॉर्ड रूम को आधुनिक बनाने तथा उद्यान में टूटे झूलों की मरम्मत के निर्देश नगर परिषद को दिए।

किसान अपनी खरीफ फसल का बीमा 31 जुलाई तक कराएं

किसान शीघ्र ही समीप के ग्राहक सेवा केन्द्र (csc) पर फसल बीमा कराए

मंदसौर। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग रविन्द्र मोदी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2025 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित की गई है।

जिस बैंक से किसान का किसान क्रेडिट कार्ड बना है, वहां जाकर फसल बुवाई प्रमाण-पत्र एवं पटवारी हल्के की जानकारी संबंधित बैंक में जाकर अद्यतन करायें। अऋणी व डिफाल्टर कृषक भाई अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे- सहकारी बैंक / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक एवं ग्राम के नजदीक कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) पर जा कर फसल बीमा करावें, ताकि फसलों का बीमा योजना के तहत हो सके। कृषक भाई अपनी फसल का बीमा आवश्यक रूप से करावें, ताकि किसी भी प्रकार की फसल नुकसानी होने पर उसकी भरपाई हो सके।

फसल बीमा कराने के लिए जरूरी दस्तावेज लेकर जाएं। बीमा प्रस्ताव पत्र, भू-अधिकार पुस्तिका की फोटो कॉपी, बुवाई का प्रमाण-पत्र संबंधित (पटवारी अथवा पंचायत सचिव) से प्राप्त करें, आधार कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड, पेनकार्ड इत्यादि (आधार कार्ड अनिवार्य) में से कोई एक, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी।

जिले में अब तक 337 .8 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

मंदसौर। जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 337.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 9.8 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 34.0 मि.मी., सीतामऊ में 3.6 मि.मी., सुवासरा में 3.0 मि.मी., गरोठ में 0 मि.मी., भानपुरा में 0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 3.0 मि.मी., धुधंड़का में 11.0 मि.मी., शामगढ़ में 2.2 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., कयामपुर में 40.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 11.0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 463.0 मि.मी., सीतामऊ में 244.2 मि.मी. सुवासरा में 192.8 मि.मी., गरोठ में 262.0 मि.मी., भानपुरा में 910.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 162.0 मि.मी., धुधंड़का में 279.0 मि.मी., शामगढ़ में 292.2 मि.मी., संजीत में 246.0 मि.मी., दर्ज की गई.

परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास से पालकी-सवारी का आयोजन करें

मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग ने भगवान पशुपतिनाथ की आयोजित होने वाली पालकी एवं राजसी (शाही) सवारी की व्यवस्था के संबंध में पशुपतिनाथ मंदिर सभागार में बैठक की।

बैठक के पश्चात सवारी मार्ग का भ्रमण किया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि परंपरागत तरीके से हर्ष और उल्लास के साथ पालकी एवं सवारी का आयोजन करें। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। डीजे के स्थान पर ढोल एवं परंपरागत तरीके के वाद्य यंत्र का प्रयोग करें।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा

कलेक्टर ने पालकी एवं राजसी (शाही) सवारी के संबंध बैठक कर सवारी रूट का भ्रमण किया

आयोजन के दौरान परंपराओं का विशेष तौर पर ध्यान रखें। प्राचीन परंपराओं के अनुसार ही आयोजन किया जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एडिशनल एसपी सहित अन्य सभी जिलाधिकारी, सवारी आयोजन कर्ता, सदस्य गण मौजूद थे।

बैठक के दौरान निर्देश दिए गए की सवारी के दौरान समय का विशेष तौर पर ध्यान रखें। मंदिर से सवारी समय पर निकले तथा वापस समय पर मंदिर पर पहुंचे। समय का विशेष ध्यान रखा जाए।

प्रत्येक रूट पर समय तय हो। मंदिर परिसर में विद्युत व्यवस्था, लाइट सज्जा बहुत बेहतरीन तरीके से की जाए। बारिश को ध्यान में रखते हुए लाइट का विशेष तौर पर ध्यान रखें। नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा की सवारी निकलने के बाद मार्ग की साफ-सफाई तुरंत करवाए।

रूट मार्ग पर जीर्ण शीर्ण भवनों को तीन दिवस में हटाए। रास्ते में गड्ढों को ठीक करें। डिवाइडर से किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। एमपीईबी विभाग ट्रांसफार्मर, वायर जरूर चेक करें। झूलते हुए तार को ठीक करें। अर्थिंग प्वाइंट को चेक करें। स्वास्थ्य विभाग एंबुलेंस की व्यवस्था करें तथा डॉक्टर की ड्यूटी लगाए। पुलिस विभाग ट्रैफिक व्यवस्था का पालन करवाए।

मनासा विधायक मारू ने नलवा के शासकीय विद्यालय में किया नि:शुल्क साइकिल वितरण

मनासा। नलवा शासकीय विद्यालय में आयोजित नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु साइकिलों का वितरण किया गया। सरकार द्वारा संचालित इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे वे नियमित रूप से अध्ययन कर सकें और शिक्षा के प्रति उनका रुझान और भी अधिक बढ़े।

कार्यक्रम के दौरान विधायक मारू ने लाभान्वित विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

नशे के दुष्प्रभावों व नशा न करने की शपथ दिलवाई

नीमच। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आम नागरिकों में नशें के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रदेशव्यापी 15 दिवसीय विशेष अभियान (15.07.25 से 30.07.25 तक) ''नशे से दूरी है जरूरी'' प्रदेश के समस्त जिलों में चलाया जा रहा है।

जिला नीमच में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के सभी पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों की बैठक ली जाकर अभियान के दौरान आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के संबंधी में जानकारी दी जाकर प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन कर रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर भेजने हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

जिला नीमच में उक्त अभियान के अर्न्तगत सभी थाना क्षैत्रों में नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। आज दिनांक 23.07.2025 को जिले के थाना क्षेत्र अंर्तगत थाना नीमच केन्ट में फव्वारा चौक नीमच, थाना नीमच सिटी में डाइट स्कूल (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) नीमच सिटी, थाना बघाना में नाका नं 04 बघाना, थाना जीरन में यात्री प्रतिक्षालय बस स्टेंड, थाना मनासा में सीएम राईज स्कूल मनासा, थाना रामपुरा में कृषि उपज मंड़ी रामपुरा, थाना कूकडेश्वर में गायत्री चौक कूकडेश्वर, थाना रतनगढ़ में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़, थाना सिंगोली में प्राइवेट बस स्टेंड़ सिंगोली, चौकी जाट एवं चौकी डिकेन थाना रतनगढ़ में सार्वजनिक स्थानों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोंजन कर विद्यार्थियों/किसानों एवं आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और नशा छोड़ने के लिए जागरूक किया गया एवं नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई गई।

जनसुनवाई जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों को मिली निःशुल्क आवेदन लिखवाने की सुविधा

नीमच में विद्यार्थियों की कलम बनी गरीबों की आवाज़, कलेक्टर की पहल से बदल रही तस्वीर

नीमच। मध्यप्रदेश के नीमच जिले में अब विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं हैं, वे समाज की पीड़ा को भी समझ रहे हैं और उसे शब्दों में ढालकर प्रशासन तक पहुँचा रहे हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अभिनव पहल ने छात्रों को सामाजिक सरोकार से जोड़ दिया है। इसके तहत स्कूली छात्र अब हर मंगलवार जनसुनवाई में आने वाले निरक्षर व जरूरतमंद आवेदकों के लिए आवेदन पत्र लिखते हैं, जिससे न सिर्फ पीड़ितों की मदद हो रही है बल्कि छात्रों का भी सामाजिक और व्यावहारिक ज्ञान बढ़ रहा है।

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की यह सोच अब शिक्षा और सेवा का बड़ा माध्यम बन गई है। नवंबर 2024 से प्रारंभ की गई इस पहल में सरकारी और निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को जनसुनवाई कक्ष के बाहर बिठाया जाता है, ताकि वे जनसुनवाई में आने वाले जरूरतमंद, अशिक्षित या असहाय लोगों के आवेदन लिख सकें। इससे पहले तक ये फरियादी आवेदन टाइपिंग कराने के लिए 200-400 रुपए तक खर्च करते थे, लेकिन अब यह काम नि:शुल्क हो रहा है। यह न केवल आर्थिक रूप से कमजोर आवेदकों को राहत दे रहा है, बल्कि छात्रों के लिए भी यह अनुभवात्मक शिक्षा बन गया है।

छात्रों को अब समझ आने लगा है कि एक आवेदन केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि किसी की पीड़ा, उम्मीद और अधिकार की मांग है। वे जान रहे हैं कि किस प्रकार शासकीय योजनाएं आम जन तक पहुंचती हैं और प्रशासन उस पर कार्रवाई करता है।

उत्कृष्ट विद्यालय नीमच की शिक्षिका कविता सेन ने बताया कि, हर मंगलवार को पांच बच्चों को यहां जनसुनवाई में लेकर आती हूं, यहां कलेक्टर ने बहुत अच्छी सुविधा कर रखी है। यहां जो फरियादी आते हैं जो अनपढ़ होते हैं या किसी को आवेदन लिखने में समस्या आती है तो यहां बच्चों के द्वारा उनके नि:शुल्क आवेदन लिखे जाते हैं। इससे बच्चों का भी व्यावहारिक ज्ञान बढ़ता है, उनकी राइटिंग में सुधार होता है अशुद्धियां भी बहुत कम करते हैं। साथ ही इससे फरियादियों को भी सुविधा मिल रही है।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र श्री विनायक शर्मा ने बताया कि, हमको यहां हर मंगलवार को कलेक्टर महोदय के द्वारा बुलाया जाता है यहां पर हम जो लोग अनपढ़ हैं या ठीक से लिख नहीं पाते उनका हम आवेदन लिखते हैं, जिससे उनको मदद मिलती है और इसके लिए उनका किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगता है। हमें भी यहां आकर बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है, हमको यहां के कई विषयों से अवगत कराया जा रहा है।

नीमच के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीआरपीएफ के छात्र मो. उस्मान अब्बासी ने बताया, मैं पिछले एक साल से यहां आवेदन लिखने आ रहा हूं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने यह एक अच्छी पहल की है, इसमें हम ग्रामीणों की जो समस्या है, उनके समाधान में हम उनकी सहायता करते हैं। यहां लोग अलग-अलग समस्या लेकर आते हैं जो लोग पढ़े लिखे नहीं हैं वह एप्लीकेशन नहीं लिख पाते उनकी एप्लीकेशन लिखकर उनकी सहायता करते हैं। उन्हें मार्गदर्शन करते हैं। उन्हें हम बताते है कैसे टोकन लेना है, कैसे जाना है, कहां आवेदन देना है, वह सब हम बताते हैं।

नीमच जिले की यह पहल एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है। यह शिक्षा को समाज सेवा से जोड़ने की एक सशक्त कोशिश है। विद्यार्थी अब केवल परीक्षा के लिए नहीं, समाज को बेहतर बनाने के लिए भी लिख रहे हैं। यह प्रयोग आने वाले समय में अन्य जिलों और राज्यों के लिए उदाहरण बन सकता है।